**खबर संक्षेप**

## विभागीय अधिकारी योजनाओं के लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण करें - सीईओ जिला पंचायत

**मण्डला।** जिला योजना भवन में बैंकर्स की तीसरे त्रैमास की बैठक आयोजित की गई। जिला स्तरीय बैंकर्स कमेटी की इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के बीओ को-ऑर्डीनेटर ने सीडी रेशो पर विस्तृत समीक्षा की। इसके बाद डीडीएम नाबार्ड ने एनुअल क्रेडिट प्लान, प्राथमिक क्षेत्र ऋण, कृषि साख ऋण, संस्थागत ऋण योजना, जन समर्थ पोर्टल, स्केल ऑफ फाईनेंस आदि पर विस्तार से जानकारी दी। सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, उद्यम क्रांति योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, बिरसा मुंडा स्वरोजगार, संत रविदास स्वरोजगार, पशु पालन व डेयरी विकास, मत्स्य, पीएमएफएमई, पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी तीन सप्ताह में सभी योजनाओं के प्रकरण शत प्रतिशत स्वीकृत व वितरण करायें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनावार प्रकरणों के संबंध में संबंधित बैंक के प्रबंधकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए समय सीमा में प्रकरणों में ऋण वितरण सुनिश्चित कराएं। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल के अंकुश सिन्हा, डीडीएम नाबार्ड देवव्रत पाल, एलडीएम सुजॉय कुमार, विभागीय अधिकारी और जिला स्तरीय बैंकर्स मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने मासिक अपराध की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

# लंबित अपराधों के हों त्वरित निराकरण

*** परीक्षा के मद्देनजर डीजे पर अंकुश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में मासिक अपराध की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित अपराधों के शीघ्र, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए सभी अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। अपराध समीक्षा के साथ-साथ थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं अन्य स्टाफ को विभिन्न विषयों पर आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, एसडीओपी मंडला, एसडीओपी निवास, डीएसपी महिला सुरक्षा मंडला, सभी थाना चौकी प्रभारी, रेडियो प्रभारी, कंट्रोल रूम प्रभारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान बैठक में आए सभी अधिकारी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

पुलिस अधीक्षक श्री सकलेचा द्वारा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण, महिला एवं बाल अपराधों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, साइबर अपराधों की रोकथाम पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी थाना चौकी प्रभारियों को पेट्रोल पम्प एवं राशन की दुकानों से समन्वय कर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए निर्देशित किया गया।

माइक्रोबीट अधिकारियों को निर्धारित निर्देशों का अनिवार्य पालन सुनिश्चित करने एवं लक्ष्य के रूप में सभी थाना-चौकी क्षेत्रों में ग्रामीणों को हेलमेट पहनाने के लिए सतत जागरूकता एवं कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अपराध नियंत्रण के लिए नियमित गश्त एवं वाहन चेकिंग निगरानी बदमाशों पर सतत कार्रवाई, ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया।



### बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर मैरिज गार्डन संचालकों एवं डीजे ऑपरेटर संघ की बैठक संपन्न

आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में मैरिज गार्डन, बारातघर संचालकों एवं डीजे ऑपरेटर संघ की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य परीक्षा अवधि के दौरान ध्वनि नियंत्रण, सार्वजनिक शांति एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना रहा।

बैठक में डीजे ऑपरेटर संघ को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि साउंड सिस्टम का संचालन केवल निर्धारित समय सीमा में एवं निर्धारित डेसीबल मानक के अनुसार ही किया जाए।

इसी प्रकार मैरिज गार्डन एवं बारातघर संचालकों को निर्धारित समय में ध्वनि यंत्रों के उपयोग, पर्याप्त एवं सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न न होने देने तथा बारात के दौरान यातायात का निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि परीक्षार्थियों सहित आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान बैठक में एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीओपी मंडला श्री पीयूष मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली शफीक खान सहित संबंधित अधिकारीगण, डीजे ऑपरेटर संघ के पदाधिकारी एवं मैरिज गार्डन एवं बारातघर संचालक उपस्थित रहे।

## मंडला के पहलवानों ने राज्य स्तर पर लहराया परचम



*** राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम के कुश्ती एरिना में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो इंडिया अनुसूचित जनजाति कुश्ती प्रतियोगिता में मंडला जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। मंडला के तीन पुरुष एवं एक महिला पहलवान का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ी अब छत्तीसगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय खेलो इंडिया जनजाति कुश्ती प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।**

जिले के कुल 4 पहलवानों ने 2 स्वर्ण एवं 3 रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें हर्षित भलावी ने स्वर्ण पदक (67 किग्रा, ग्रीको रोमन), दानिश भलावी ने रजत पदक (74 किग्रा फ्रीस्टाइल) $ रजत पदक (77 किग्रा ग्रीको रोमन), दिव्यांशु सरवटे ने रजत पदक (97 किग्रा, ग्रीको रोमन) तथा चांदनी नरेटी ने स्वर्ण पदक (62 किग्रा, फ्रीस्टाइल) प्राप्त किया। यह सफलता मध्यप्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के मार्गदर्शन तथा ओलंपियन अर्जुन अवार्डी श्री पप्पू यादव एवं श्री नारायण यादव के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। उनके प्रयासों से जनजातीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों को खेल की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी की लहर है। खेल प्रेमियों एवं नागरिकों ने चयनित पहलवानों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

### जैविक खेती प्रायोगिक कार्य के लिए शैक्षणिक भ्रमण

**मण्डला।** शासकीय महाविद्यालय अंजनिया द्वारा जैविक खेती प्रायोगिक कार्य के अंतर्गत डॉ. नवीन कुमार हरदहा के मार्गदर्शन एवं डॉ. प्रशांत कुमार यादव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को उड़ान नर्सरी अंजनिया का भ्रमण करवाया गया। नर्सरी भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को श्री सुदामा झारिया एवं सहयोगी द्वारा नर्सरी बैड तैयार करना, जैविक खाद, घरेलू अपशिष्ट से खाद बनाने की जानकारी दी गयी। नर्सरी में रोपित ड्रेगन फ्रूट एवं अन्य पौधों के महत्व से अवगत करवाया गया।

### बिना नंबर प्लेट के 9 ट्रैक्टरों पर चालानी कार्रवाई



**मण्डला।** पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में थाना कोतवाली, महाराजपुर पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना महाराजपुर पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट के संचालित पाए गए कुल 9 ट्रैक्टर वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 51/177 के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। एमपी 51 जेडबी 7225, एमपी 51 जेडई 8708, एमपी 51 एए 4296, एमपी 51 जेडडी 8786, एमपी 51 जेडडी 8723, एमपी 51 एए 7679, एमपी 51 एबी 0192, एमपी 51 जेडए 7708 तथा एमपी 51 एए 8847 यह सभी ट्रैक्टर चालकों पर 500 रूपए प्रति ट्रैक्टर जुर्माना लगाया गया, इस प्रकार कुल 4 हजार 500 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा ट्रैक्टर चालकों को वाहनों पर स्पष्ट एवं वैध नंबर प्लेट लगाने, वाहन के समस्त वैध दस्तावेज साथ रखने, ओवरलोडिंग न करने, यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में सख्त समझाइश दी गई। इसी क्रम में थाना कोतवाली द्वारा कार्रवाई के दौरान रपटा घाट क्षेत्र में वाहन में अमानक हॉर्न लगाकर बजाते पाए जाने पर संबंधित वाहन चालक के विरुद्ध चलानी कार्रवाई की गई। इस दौरान वाहन से अमानक हॉर्न जब्त किया गया और 3 हजार 500 रूपए का जुर्माना आरोपित किया गया।

## फाइटर स्पोर्ट्स क्लब ने किया अगले राउंड में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




फाइटर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित फाइटर कप सीजन 2 का आज का मुकाबला फाइटर स्पोर्ट्स क्लब एवं रन राइडर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर फाइटर स्पोर्ट्स क्लब मंडला ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइटर स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 161 रन बनाए। फाइटर स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बल्लेबाजी में सचिन ने 34 रन युवराज यादव ने 33 रन नयन अग्रवाल ने 32 रन राहुल उईके ने नाबाद 21 रन और साहिल बरमैया ने 13 रनों की पारी खेली। रन राइडर की ओर से गेंदबाजी में ललित चौधरी और गंगाराम ने 3-3 विकेट और वकील खान ने 2 सफलता अर्जित की। 162 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रन राइडर की टीम शुरू से ही जल्दबाजी में नज़र आई और फाइटर स्पोर्ट्स क्लब की बेहतरीन गेंदबाजी के बजह से कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर बल्लेबाजी के लिए ज्यादा देर ठहर न सका और पूरी टीम मात्र 86 रनों पर सिमट गई। रन राइडर की ओर से बल्लेबाजी में धर्मेंद्र और जितेंद्र ने 18-18 रन एवं राहुल तिवारी ने 10 रनों की पारी खेली। फाइटर स्पोर्ट्स क्लब की ओर से गेंदबाजी में कप्तान दीपक साहू ने 3 विकेट नीलनिकेश कठोतिया ने 2 विकेट राहुल नितिन और युवराज ने 1-1 सफलता अर्जित किया। इस प्रकार फाइटर स्पोर्ट्स क्लब ने इस मुकाबले को 75 रनों के बड़े अंतर से जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच फाइटर स्पोर्ट्स क्लब के कप्तान दीपक साहू रहे जिन्होंने 3 सफलता अर्जित की। इस मुकाबले में निर्णायक मोहित बरमैया और ऋषि रघुवंशी रहे। गुरुवार के दिन का पहला मुकाबला सनराइज स्पोर्ट्स और मंडला टाइटंस के बीच सुबह 9:30 बजे से और दूसरा मुक़ाबला महिष्मति स्पोर्ट्स और वाय.एस.सी. अमरपुर के बीच दोपहर 1 बजे से खेला जाएगा।

## गणेश पेट्रोल पंप पर खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी ड्राइवरों ने किया नेशनल हाईवे 30 जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



गणेश पेट्रोल पंप पर खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी का मामला सामने आया है मामले को लेकर ड्राइवरों ने नेशनल हाईवे तीस पर गाड़ी खड़ी कर जामलगा दिया। मंडला जिले के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 पर पड़रिया में ड्राइवर ने किया रोड जाम जानकारी के अनुसार ड्राइवर के अनुसार गणेश पेट्रोल पंप पड़रिया में रात में गाड़ियों में डीजल डलवाया गया था और गाड़ियों को ड्राइवरो ने गणेश पेट्रोल पंप पर ही खड़ा कर दिया था जिसमें दो गाड़ियों से रात में डीजल चोरी हो गया जिसकी कार्रवाई को लेकर ड्राइवरो मिलकर सभी ने नेशनल हाईवे 30 में जाम लगा दिया ड्राइवरों का कहना है कि पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से पूछने पर उनके द्वारा द्वारा हमारे साथ गाली गलौज की गई ओर रात्रि में हमने डीजल डलवाया सुबह खाली जिसके सीसीटीवी फुटेज भी देखे गए जिसमें जर्किन भर कर ले जाते कुछ लोग देखे गए मामले को बढ़ता देख मौके पर बिछिया थाना से पुलिस ने जाकर ड्राइवरों को समझा बुझा कर जाम को खुलवा दिया है ड्राइवर ने पेट्रोल पंप मालिक ओर डीजल चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### खेत में कर दिये बड़े-बड़े गड्ढे



**मण्डला।** मण्डला जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलईपानी के निवासी हजारी लाल यादव पिता रामप्रसाद यादव द्वारा पुलिस अधीक्षक मण्डला को एक आवेदन सौंपा गया आवेदन में उनकी कृषि भूमि को खनन कार्य करके बिगाड़ देने के आरोप लगाये गये हैं आवेदक हजारी लाल का कहना है कि ग्राम तिलईपानी में उनके स्वामित्व की व अधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नम्बर 250, रकबा 0.5700 हे. है जिसमें मिट्टी-मुर्रम निकालने की अनुमति सड़क निर्माण कंपनी को दी गई थी और शर्त यह थी कि मिट्टी-मुर्रम निकालने के बाद उनकी भूमि को समतल कर दी जायेगी लेकिन सड़क निर्माण कंपनी के कर्मचारी द्वारा बड़ी-बड़ी मशीनों के माध्यम से मिट्टी-मुर्रम तो निकाल ली गई लेकिन उनकी भूमि को समतल नहीं किया गया उक्त भूमि में 5 फुट से लेकर 12 फुट तक के गड्ढे कर दिये गये हैं भूमि में बड़े-बड़े पत्थर छोड़ दिये गये हैं। अब इस भूमि पर कृषि कार्य करना संभव नहीं हो पा रहा हजारी लाल यादव ने पुलिस अधीक्षक से यह मांग की कि इस मामले की जांच करते हुये कार्यवाही कर मेरी कृषि उपयोग की जमींन को समतलीकरण कराया जाये ताकि मैं उस पर कृषि कार्य सकूं जिसके माध्यम से ही मेरी आजीविका चलती है।

**शिविर** | विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन।

# न्यायालय परिसर में यातायात जागरूकता का संदेश

*** मानवीय त्रुटि से होती हैं सड़क दुर्घटनायें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला द्वारा न्यायालय परिसर मण्डला में यातायात जागरूकता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी, विशेष न्यायाधीश आर.के. रावतकर, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ रामेश्वर झारिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला तपन धारगा, समस्त न्यायिक अधिकारीगण, परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता, यातायात विभाग से योगेश राजपूत, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं आमजनों की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री जोशी ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक सामाजिक विषय नहीं हैं बल्कि कानूनी दायित्व, प्रशासनिक उत्तरदायित्व एवं मानवीय संवेदनशीलता का संयुक्त विषय है। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं मानवीय त्रुटि या नियमों की अवहेलना व लापरवाही का ही परिणाम होती है। इसी कमी को दूर करने के लिए मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न प्रावधान बनाए गए हैं। इसलिए वे प्रावधान केवल दण्डात्मक प्रावधान नहीं है बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए दिये गये विधिक संरक्षण है। श्री जोशी द्वारा सभी से आग्रह किया गया कि वे सड़क सुरक्षा कानूनों का पालन करें एवं स्वयं को एक रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें, आमजनों को जागरूक करने में अपनी पेशेवर भूमिका निभाएं तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन केवल इसलिए नहीं करें कि सजा होगी बल्कि इसलिए करें कि यह मानव जीवन के प्रति सम्मान से जुड़ा विषय है।

एसपी श्री सकलेचा ने सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित हिट एण्ड रन योजना, राहवीर योजना व अन्य योजनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही यातायात थाना मण्डला से उपस्थित श्री योगेश राजपूत सूबेदार ने विभिन्न चलचित्रों द्वारा उपस्थितजनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों से अवगत कराया। परिवहन अधिकारी श्री विमलेश गुप्ता ने ड्राईविंग लाईसेंस एवं वाहन के पंजीयन से संबंधित उपलब्ध ऑनलाईन सुविधाओं के बारे में अवगत कराया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री तपन धारगा ने कहा कि प्रत्येक दुर्घटना के पीछे केवल एक मामला या फाईल नहीं होती बल्कि एक परिवार का भविष्य, बच्चों का पालन-पोषण और किसी का पूरा जीवन जुड़ा होता है इसलिए हमें इस संवेदनशीलता के साथ नियमों का पालन करते हुए सावधानी से वाहन का चालन करना चाहिए।



## संकुल केन्द्रों में समस्या निवारण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा विकासखंड नारायणगंज द्वारा प्रत्येक संकुल केंद्रों में शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक बहुत बढ़िया नवाचार व सराहनीय प्रयास किया जा रहा है इसी के अंतर्गत आज दिनांक 04.02.2026 को संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंगल गंज में समस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ इस पहल से प्रभावित होकर संकुल के समस्त शिक्षक साथी विकासखंड शिक्षा अधिकारी महोदय का फूल माला एवं तिलक बंधन कर स्वागत किया गया शिविर में उपस्थित होकर शिक्षक अपनी-अपनी समस्या रखें विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया गया सभी शिक्षक साथी खुशी के अंदाज में बीईओ को धन्यवाद ज्ञापित किया इस दौरान प्राचार्य बलवंत सिंह पटेल आर के गुप्ता मंडल संयोजक राम रतन वरकड़े सहायक ग्रेड एवं शेख रहमान देवी सिंह धुर्वे कुसुम लाल उईके नरबद सिंह मरावी रामदयाल वरकडे श्रीमती नर्मदा परते श्रीमती गंगोत्री वरकड़े जागेश्वरी ऊईके एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ज्योति पटैल का निधन



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। समीपस्थ ग्राम पचामा निवासी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव जगदीश पटैल की पत्नी 50 वार्षिय श्रीमति ज्योति पटैल का बीते हुये दिवस बीमारी के चलते जबलपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया। बताया जाता है कि वह लम्बे समय से बीमार चल रही थी। स्व. श्रीमति पटैल की शव यात्रा में भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा शामिल होकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### चीचली में स्थापित होने वाले एसटीपी प्लांट का कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने नगर परिषद चीचली क्षेत्र में नदी में गंदे पानी के प्रवाह को रोकने और उसका पुनः उपयोग करने के उद्देश्य से प्रस्तावित सीवेज ट्रीट मेंट प्लांट (एसटीपी) का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सीवर के पानी के शोधन के लिए स्थापित किए जा रहे एसटीपी प्लांट की वर्तमान स्थिति व क्षमता और कार्य योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के समय नगर परिषद के अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अमला उपस्थित रहा।

### राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर कब मिलेगी गड्डों से निजात

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। भले ही सरकार द्वारा हर वर्ष अपने बजट में नई सड़को का निर्माण कराने के लिये अरबों रूपया खर्च करने की बात कही जा रही है। मगर जिस प्रकार से पुरानी सड़को की स्थिति हो रही है उस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही देने का परिणाम इस प्रकार से बन चुका है कि इन सड़को पर वाहन चालकों को सड़क खोजना मुश्किल होने लगा है? इस बात की सच्चाई इस समय राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख माने जाने वाले जबलपुर से भोपाल की ओर जाने वाले गाडरवारा पिपरिया के बीच देखने मिल रही है, जहां पर इस मार्ग पर गड्डो की भरमार होने के कारण आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर समीपस्थ ग्राम पनागर के पास स्थित नाग मंदिर के समीप सड़क पर निकला हुआ गड्डा अब वाहन चालकों के लिये जान लेवा साबित होते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है। बताया जाता है कि यह गड्डा दिनों दिन अपना रूप बढ़ाते हुये दिखाई दे रहा है जिसके चलते वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो गया है। बताया जाता है कि अब इस मार्ग से निकलने वाले वाहनों से शासन प्रशासन द्वारा टोल टेक्स के रूप में राशि बसूलने की भी तैयारी कर डाली है जिसके चलते टेल टेक्स बसूलने के लिये तैयार निजी कंपनी द्वारा सड़क सुधार के नाम पर लीपा पोती करते हुये गड्डो को भरने के नाम पर कुछ जगहों पर मात्र औपचारिकता निभाते हुये पैसा बसूलने के नाम पर तैयार होकर बैठ चुकी है।

# खुलरी बैक में अभी तक नहीं लग पाया एटीएम, उपभोक्ताओं को अपने खातों से राशि निकलने में लगाना पड़ती है लम्बी लाईन, खाते की जानकारी लेने के लिये लगाना पड़ते हैं चक्कर..

हरिभूमि न्यूज/ खुलरी








जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगातार प्रयास करते हुए देश को डिजीटल इंडिया बनाने में लगे हुए है जिसके चलते लोगों का हर लेन देन बैकों के माध्यम से कराने का प्रयास करते हुए संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए कैस लेस बनाया जा रहा है। इस प्रकार से देश के प्रधान मंत्री की इस सोच को लेकर लोगों द्वारा प्रसन्नता तो निश्चित ही जाहिर की जा रही है। मगर देखा जावे तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंको में पर्याप्त व्यवस्थाएं नही हो पाने के कारण बैक उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है जिसको लेकर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैकों में पर्याप्त व्यवस्थाएं नही होगी तो फिर क्या देश के प्रधानमंत्री का केश लेश डिजिटल इंडिया बनाने का यह सपना पूरा हो पायेगा? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय खुलरी स्थिति भारतीय स्टैट बैंक में देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि क्षेत्र की मात्र एक बैक के माध्यम से ग्राम खुलरी सहित ग्राम भौरझिर, मुडिया, बिलोनी, सूरना, घघरौला, पटना, लिंगा, पिठहरा, भूमिया ढ़ाना, करहैया, सलैया, बेहरा सहित अन्य गांवों के किसानों से लेकर पंचायत व स्कूली छात्र छात्राओं के खाते इसी बैंक के माध्यम से संचालित हो रहे है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा किसानों के लिये भी अनाज विक्रय से लेकर अन्य योजनाओं की राशि भी बैक खातों में भेजे जाने कारण क्षेत्र के किसान भी इसी बैक के भरोसे चल रहे है, जिसके चलते इस बैक शाखा में प्रतिदिन खातेंदारों की भीड़ लगना आम बात हो चुकी है। वही बैक अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का प्रयास होता है कि वह अपने उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करने के लिए मजबूर न करे। मगर बैक के समय में अक्सर सरबर डाउन होने के साथ अन्य प्रकार की परेशानिय आने के कारण वह भी अपने उपभोक्ताओं को समय पर संतुष्ट करने में सफल नही हो पा रहे है। क्योंकि खातेदार अपनी छोटी से छोटी राशि निकालने के लिये भी बैक की लाईन में लगने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। यह बात अलग है कि खाते से पैसा निकालने के लिये अन्य जगहों पर सुविधाये तो मौजूद है। मगर उस सुविधा का लाभ लेने के लिये खातेदार को अतिरिक्त राशि का भुगतान करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इसी के चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा बीते हुये लम्बे समय से भारतीय स्टैट बैक शाखा खुलरी में एटीएम स्थापित किये जाने की मांग उठाई जा रही है। मगर इसके बाद भी यहां पर एटीएम नही लगना जिम्मेदारों की उदासीनता का प्रमाण उजागर करने से नही चूक रहा है, जिसके चलते देखा जाता है कि ग्राम सहित अनेक गांवों से आने वाले लोग दिन दिन भर लम्बी लाईनों में लगे रहने के बाद जब बैक का समय समाप्त हो जाता है तो उन्हें खाली हाथ अपने घरों को लौटने के लिये मजबूर होना पड़ता है। वही दूसरी ओर बैक में उपभोक्ताओं की पासबुको में एन्ट्री करने की व्यवस्था तक उपलब्ध नही होने से उपभोक्ताओं के अपने खातों जमा राशि की जानकारी तक नही मिल पा रही है? इसी बात को लेकर बीते हुये बीते हुये दो वर्ष पहले ग्राम खुलरी के लोगों द्वारा क्षेत्र के तत्कालीन सांसद राव उदय प्रताप सिंह को एक ज्ञापन सौपते हुये खुलरी स्थित भारतीय स्टैट बैक शाखा में शीघ्र ही एटीएम सहित पास बुक प्रेटिंग मशीन लगाये जाने की मांग की गई गई थी। मगर वह मांग शायद आज तक पूरी ही नही हो पाई है और पता नही कब तक पूरी होगी इसका किसी को पता नही..? क्योंकि सासंद महोदय खुद ही अब सांसद के बाद गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के विधायक के बाद प्रदेश की सरकार में मंत्री बन चुके है...? वही दूसर ओर स्टैट बैक शाखा में एटीएम मशीन न होने को लेकर लोगों की परेशानियों के संबंध में जब ग्रामीणों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यह बात सही है कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा अच्छी सोच के साथ देश को तरक्की की ओर ले जाया जा रहा है और हर कार्य के लेद देन को सरकार द्वारा जिस प्रकार से कैश लेश किये जाने पर जोर दिया जा रहा है उससे निश्चित भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। मगर वही दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों की बैक शाखाओं में लेन देन के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं नही होने के कारण लोगों को लेन देन करने में परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इस स्थिति में ग्राम खुलरी बैक में एटीएम की स्थापना की बहुत जरूरी हो गई है जिससे लोग जरूरत पड़ने पर अपने पैसा निकाल सके। इसी प्रकार से गुड उत्पादक कृषकों का कहना है कि जिस प्रकार से सरकार द्वारा किसानों के लिये चलाई जा रही अनेक योजनाओं के साथ साथ अनाज खरीदी का पैसा सीधे किसानों के खातों में भेजा जाता है। मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब बैकों में किसानों को अपनी राशि निकालने के लिये पर्याप्त व्यवस्थाएं नही होगी तो वह अपनी राशि कैसे निकाल पायेगा। एटीएम की सुविधाये शहरों में तो है पर गांवो में न होने से लोग परेशान होते है। लगातार मांग किये जाने के बाद भी खुलरी बैक में एटीएम न लग पाना यहां विभाग व क्षेत्र के जिम्मेदारों की उदासीनता का परिणाम है। इसी प्रकार से छात्र छात्राओं से चर्चा की गई तो उसका कहना था कि सरकार द्वारा जिस तरह लेनदेन की व्यवस्था डिजिटल की गई है वह बहुत अच्छी है मगर गांवों की बैकों में एनटीएम न होने से इन योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा है। मेरे पास एंड्राइड फोन न होने से में फोन पे नही कर पाती हूं..? अगर गांव में एटीएम की सुविधा होती तो हम सभी स्कूली बच्चों को इसका लाभ मिल सकता था। वही स्कूली छात्रा का कहना है कि हमारे गांव खुलरी की पांच हजार से अधिक की आवादी होने के साथ यहां पर स्थिति स्टैट बैक शाखा से आसपास के अनेको गांव जुडे हुये है। जिसके चलते हजारों छात्र छात्राओं के बैक खाते इसी बैक से संचालित होने के बाद एटीएम की व्यवस्था नही होने से हम छात्र छात्राओं को पैसा निकालने के लिये करेली या फिर गाडरवारा जाने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इस स्थिति में हम लोगों का समय बर्बाद होने के साथ साथ पढ़ाई भी प्रभावित होने से नही चूकती है।

# रेल्वे गेट के पास बढ़ते अतिक्रमण व आवारा गर्दी वालों की हरकतों पर नही लग रहा है अंकुश,

## मादक पदार्थो की विक्री व सेवन करने वालों के लिये सुरक्षित स्थान के रूप में बन चुकी है पहचान...?





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस समय शहर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण को जाल बिछते हुये देखे जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली निश्चित तौर से जहां अतिक्रमणकारियों के लिये संरक्षण की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर जिस तरह नगर के रेलवे स्टेशन के समीप यानि की चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे हुये रेल्वे गेट के पास अतिक्रमण करते हुये स्थापित हो रही दुकानों पर जहां सुबह से लेकर देर रात तक आवारा गर्दी करने वालों का जमावडा लगा रहता है तो दूसरी ओर शाम होते ही यहां पर शराब खोरी करने वालों की अशोभनिय हरकते देर रात चलने के कारण यहां पर निवास करने वाले लोगों के साथ साथ इस मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? रात के समय तो हालत यह बन जाते है कि नगर के युवा दर्जनों की सुख्या में अपनी गाड़ियों से पहुंचकर एकत्र हो जाते है और खुलेआम मादक पदार्थो की बिक्री व सेवन का दौर शुरू होता है जो देर रात तक चलता रहा है। इस संबंध में स्थानीय पुलिस को अवगत कराये जाने के बाद कुछ दिनों तक तो पुलिस द्वारा नजर रखी गई । मगर सच्चाइ्र को फिर भुला दिये जाने के चलते अब आवारा गर्दी करने वालों के लिये यह स्थान प्रमुख अड्डा बनकर रहे गया है। यहां पर मादक पदार्थो की ब्रिकी की सच्चाई पर गौर किया जावे तो पुलिस थाने में दर्ज अनेक मामलों में मादक पदार्थ यानि की स्मैक के कारोबारियों को इसी क्षेत्र से पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी इस तरह पुलिस के रिकार्ड के अनुसार यह क्षेत्र आवारा गर्दी करने वालों के साथ मादक पदार्थो की मंडी के रूप में भी तब्दील होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? बताया जाता है कि यहां पर खाली पड़ी हुई सड़क किनारे की भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम अतिकमण करते हुये अपनी दुकाने स्थापित की गई है। इन दुकानों पर दिन भर आवारा गर्दी करने वाले तत्वों का हुजूम रहने के चलते आम लोगों के साथ साथ स्कूल आने जाने वाली छात्राओं को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि यहां पर लगी हुई दुकानों पर बैठे रहने वाले इन तत्वों द्वारा आसपास के गांवों से स्कूल आने वाली छात्राओं के साथ अशोभनीय हरकते करते हुये छीटाकशी करने से नही चूकते है और छात्राये दहशत व भय के चलते इन मनचलों की हरकतों से परेशान होकर अपमान का कढावा घूंट पीने के लिये मजबूर हो रही है। वही दूसरी ओर कुछ इसी प्रकार का हाल रात के समय भी देखने मिल रहा है। क्योंकि जब पूरे शहर की दुकाने बंद हो जाने के बाद भी यहां पर अतिक्रमण करते हुये स्थापित की गई दुकाने देर रात तक चलते हुये देखी जाती है जहां पर शराब की अवैध विक्री से लेकर अन्य प्रकार के मादक पदार्थो की आसानी से उपलब्धता के चलते युवाओं को इसी और दौड़ते हुये देखा जाता है। रात के समय यहां पर दुकानों से लेकर खुले मैदान में शाम से लेकर देर रात तक शराब खोरी होने के कारण लड़ाई झगड़ा होना तो आम बात हो चुकी है। मगर शराब खोरी करने वाले लोगों द्वारा रात के समय इस मार्ग से निकलने वाले लोगों के साथ अभद्रता करने से नही चूकते है तो दूसरी ओर इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोग भी इस तरह नगर के रेल्वे गेट के पास दिन रात होने वाली आवारा गर्दी से परेशान होते हुये देखे जा रहे है। जबकि गौर किया जावे तो पूर्प में अनेकों बार रेल्वे की इस भूमि पर दुकाने स्थापित करने वाले के खिलाफ आर पी एफ के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुये इन्हे हटा दिया गया था। मगर पता नही क्योंकि आर पी एफ सहित रेल पुलिस व नगर के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा यहां पर दिनों दिन बढ़ रहे अतिक्रमण को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि आम लोगों के लिये भुगतने मजबूर होना पड़ रहा है।

# सिहोरा में हुआ सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन





हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।

सभी धर्म द्वारा अपने आपने धार्मिक कार्यो को बडे ही धूमधाम के साथ मनाते हुये देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस सिहोरा बोहानी में देखने मिली। बताया जाता है कि यहां पर जैन बंधुओं द्वारा पंच दिवसीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस आयोजन के पुण्यअर्जक किशोरीलाल जैन, राकेश कुमार, मुकेश कुमार जैन, सिद्धांत जैन, मृदुल जैन, दीक्षा जैन, मनाली जैन ने अपनी पूर्ण सहभागिता देते हुये कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संपूर्ण जैन समाज द्वारा कार्यक्रम में बढ चढ कर हिस्सा लिया गया। वही कार्यक्रम के इन पांच दिनों में सिहोरा में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिससे पूरे सिहोरा में धार्मिक वातावरण की गूंजते हुये देखी गई। इस कार्यक्रम में मुनि हर्षित सागर एवं विधान आयोजित कराने वाले पंडित जी अंकित भैयाजी द्वारा पूर्ण विधि विधान से उक्त सिद्ध चक्र



महामंडल विधान का लोगों को महत्व बताया और विश्व शांति की कामना की गई। इस अवसर पर बताया कि अंहिसा और शांति के बल पर ही सारे कार्यो को सफल किया जा सकता है कार्यक्रम के अंतिम दिन में भगवान महावीर की पालकी की शोभायात्रा निकाली गई जो कि मंदिर जी से होते हुये ग्राम की मुख्य सडक से निकली गई। वही जैन समाज के हर घर के सामने मनमोहन रंगोलियों से परिसर को सजाया गया और महावीर स्वामी का पूजन अर्चन भी किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ जन सुरेष चंद जैन (पूर्व शिक्षक), एवं अजीत कुमार जैन, डॉ. के.सी.जैन एवं अध्यक्ष सुभाष चंद जैन, उत्तम चंद जैन, सुशील कुमार जैन, दिनेश सिंघई, सुनील कुमार, राकेश कुमार (सौधर्म इंद्र), मुकेश कुमार, अक्षय जैन, प्रमोद जैन, संजय जैन, रूपेश जैन, रीतेश जैन, सैंकी जैन सौरभ जैन ,शुभम, हर्षित जैन, उपसरपंच पल जैन, सिद्धांत जैन योगेश जैन, आलोक जैन सहित समाज की सभी महिलाओं ने भी इस कार्यक्रम में बढचढ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम मे ग्राम के लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ।

# पीतल नगरी चीचली में कलेक्टर ने लगाई पटवारी व आरआई की क्लास, दिये सख्त दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज/चीचली।



स्थानीय तहसील क्षेत्र के पटवारियों व आरआई की बीते हुये दिवस जिला कलेक्टर द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान सीएम हेल्पलाइन, फार्मर रजिस्ट्री व आईडी एवं राजस्व प्रकरणों की प्रगति की गहन समीक्षा करने के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने की बात कही गई। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को उप तहसील चीचली में पटवारियों एवं राजस्व निरीक्षकों (आरआई) के कार्यों की समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुये इस बैठक में सीएम हेल्पलाइन, फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, सीमांकन सहित पटवारी स्तर पर संपादित किए जाने वाले कार्यों की प्रगति की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक अवधि से लंबित प्रकरणों के संबंध में निर्देशित किया कि ऐसे सभी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ समय- सीमा में एवं आवेदक की पूर्ण संतुष्टि के साथ सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमणों को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। बताया जाता है कि इस दौरान कलेक्टर ने नामांतरण, सीमांकन एवं अन्य राजस्व प्रकरणों व कार्यों, जिनकी निर्धारित समय-सीमा 45 दिवस है। उनके लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश देते हुये उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण और संबंधित कार्य नहीं किए जाने पर संबंधित पटवारी का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती सिंह ने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के कार्य समय पर पूर्ण कर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अमले को कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, गाडरवारा तहसीलदार प्रियंका नेता, चीचली तहसीलदार नितिन राय, नायब तहसीलदार सुश्री प्रियंका नेताम सहित संबंधित पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# महामंडलेश्वर सुरेन्द्र दास महाराज की कारजू नगर घाट से परिक्रमा का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ माँ नर्मदा के तट ग्राम काटजू नगर ग्राम पंचायत पलोहा जलाराम आश्रम माँ नर्मदा जी के किनारे से श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर सुरेन्द्र दास महाराज (इंडियावाड़ा ) जि. नर्मदा, गुजरात की प्रेरणा एवं उनके आशीर्वाद से माँ नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा 1 फरवरी 2026 माघी पूर्णिमा से काटजू नगर घाट से प्रारंभ हो गई है जो नयाखेड़ा ,टिमरावन, हीरापुर,भटेरा, टिमरावन होती हुई काटजूनगर घाट में 3 मार्च 2026 मंगलवार पूर्णिमा तक पूर्ण होगी । बताया जाता है कि मां नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा के प्रारंभ से मां नर्मदा के भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है नर्मदा के घाटों पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही हैनमामि देवी नर्मदे के जयकारों लगाते हुए श्रद्धालुजन परिक्रमा में भजन मंडली के साथ भजन गाते हुए चल रहे है । संतो का सानिध्य भी प्राप्त हो रहा है परिक्रमा के दौरान मां नर्मदा के भक्तों के लिए बाल भोग एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था प्रतिदिन जलाराम आश्रम में की जा रही है। इस तरह लगभग 16 किलोमीटर की इस यात्रा में एक अलग ही माँ नर्मदा की भक्ति देखने को मिल रही है ।

# अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सीरेगाव सरपंच ने स्वयं को पंचायत भवन में किया कैद





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। अभी तक यह सुना जाता था कि पंचायतों के सरपंच आम लोगों की मांगों को सुनते नही है जिसके चलते लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है..? मगर यहां पर तो उल्टी गंगा बहते हुये दिखाई दे रही है और सरपंच खुद ही परेशान होकर अपने आपको कैद करते हुये आत्मदाह की चेतावनी देने से नही चूक रहा है..? बताया जाता है कि जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सीरेगांव सरपंच द्वारा किये गये इस कार्य के चलते जहां संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है..? सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चीचली जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सीरेगाँव का हैं जहा पर सीरेगाव सरपंच महेंद्र कुशवाहा ने अपने आप को पंचायत भवन के अंदर कैद कर लिया है। इस संबंध में बताया जाता है कि सरपंच का कहना है कि शासन प्रशासन उसकी सुन नहीं कर रहा है कई बार अधिकारियों को आवेदन के माध्यम से शिकायत की गई है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके चलते उन्हें इस तरह की कदम उठाने के लिये मजबूर होना पड़ा...? मामले की सच्चाई क्या है इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। मगर यह मामला जिस तरह सोशल मीडिया पर वायरल होते हुये देखा जा रहा है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है।

# ओशो की नगरी में हुआ विदेशी संन्यासियों का आगमन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। सारी दुनिया में गाडरवारा को एक अलग पहचान प्रदान करने वाले आध्यात्मिक गुरु ओशो की क्रीडा नगरी एवं स्थानीय ओशो लीला आश्रम मे विगत दिनों दो दिनो के लिये विदेशी ओशो संन्यासियों का स्वामी अनादि आनंद के नेतृत्व में आगमन हुआ। बताया जाता है कि जिन्होंने ओशो लीला आश्रम में ओशो की विभिन्न ध्यान विधियों सक्रिय ध्यान, नादब्रह्म, कुंडलिनी व्हाइट रोब ब्रदरहुड सत्संग, नृत्य भजन कीर्तन का रसपान कर आनंद लिया। वही ओशो की शिक्षा अध्ययन संबंधी संस्था गंज प्राथमिक शाला जहां प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की तथा शास. आदर्श उच्चतर विद्यालय। इस स्कूल में माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी शिक्षा प्राप्त की थी। स्कूल के जिस कक्ष में ओशो ने अध्ययन किया था उस कक्षा को शाला प्रबंधन द्वारा आज भी संरक्षित एवं सुसज्जित कर रखा है। वहां विदेशी ओशो संन्यासियों ने बैठकर अपने गुरु ओशो की उपस्थिति का अनुभव किया। इसी दौरान सार्वजनिक पुस्तकालय पहुंच कर सभी विदेशी ओशो संन्यासियों ने ओशो द्वारा अध्ययन की गई तथा प्रदत्त की गई पुस्तकों का विशेष रुचिकर तथा ओशो द्वारा स्व हस्ताक्षरित पुस्तकों के दर्शन करने के साथ ही सार्वजनिक पुस्तकालय में ओशो की सैकड़ो किताबें एवं 251 स्व हस्ताक्षरित किताबें संरक्षित हैं जिनमें से कुछ किताबों को ओशो सन्यासी निहारते रहे और अहो भाव से भर गए तथा ओशो से संबंधित स्थान दर्शन एवं नगर भ्रमण किया गया ज्ञात हो कि उक्त विदेशी सन्यासियों में हॉलैंड, नीदरलैंड, स्पैन, जोहंस बर्ग आदि देशों के विदेशी ओशो सन्यासी शामिल है। ओशो लीला आश्रम के मीडिया प्रभारी स्वामी राजेश नीरस ने बताया कि स्वामी आनंद अनादी का गाडरवारा से गहरा संबंध जुड़ा हुआ है उनका जन्म गाडरवारा में ही हुआ है इस नगर का सपूत जो अब देश-विदेश में ओशो संन्यासियों का ध्यान शिविर लेते हैं। उन्होंने आगे बताया कि ओशो की क्रीड़ा स्थली (नगरी) एवं ओशो लीला आश्रम में साल भर में देश विदेश के संन्यासियों का आवागमन बना ही रहता है।

# उप तहसील कार्यालय अमरपुर में व्यवस्थाओं पर सवाल, किसान एक सप्ताह से लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।



क्षेत्रीय किसानों को राहत देने और राजस्व संबंधी कार्यों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ब्लॉक मुख्यालय अमरपुर में उप तहसील कार्यालय की स्थापना की गई थी, किंतु जमीनी हकीकत इससे विपरीत नजर आ रही है। बीते एक सप्ताह से किसान अपनी समस्याएं लेकर उप तहसील कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं।कार्यालय में उपस्थित किसानों ने बताया कि प्रभारी नायब तहसीलदार शशांक सैंडे, जिनके पास शाहपुर, नेवसा एवं अमरपुर वृत्त का अतिरिक्त प्रभार है, विगत कई दिनों से कार्यालय में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि वे प्रतिदिन दूर-दराज गांवों से कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन अधिकारी के अभाव में बिना काम कराए वापस लौटना पड़ रहा है।इस संबंध में कार्यालयीन कर्मचारियों ने भी स्वीकार किया कि प्रभारी नायब तहसीलदार पिछले तीन-चार दिनों से कार्यालय नहीं आए हैं। परिणामस्वरूप फौती नामांतरण, नामांतरण, त्रुटि सुधार, जन्म-मृत्यु पंजीकरण सहित अन्य राजस्व प्रकरण लंबित होते जा रहे हैं। इससे पूरे क्षेत्र के किसानों में असंतोष और चिंता व्याप्त है।

किसानों का कहना है कि राजस्व प्रकरणों में हो रही देरी से न केवल समय और धन की हानि हो रही है, बल्कि उन्हें मानसिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। उप तहसील कार्यालय की स्थापना का उद्देश्य, जो आमजन को त्वरित न्याय और सुविधा प्रदान करना था, वर्तमान में अधूरा प्रतीत हो रहा है। क्षेत्रीय किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उप तहसील कार्यालय में नियमित रूप से अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण हो सके और उन्हें अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

**इनका कहना है—**

"मैंने एसडीएम न्यायालय में त्रुटि सुधार का प्रकरण दर्ज कराया है, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद उप तहसील से प्रतिवेदन नहीं भेजा जा सका। जबकि मैं वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में आता हूं।"

— **महेंद्र ठाकुर, कृषक, रामगढ़**



## एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने प्राथमिक शाला गुतली का किया औचक निरीक्षण

**डिंडोरी।** शहपुरा एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने बुधवार को विकासखंड शहपुरा अंतर्गत प्राथमिक शाला गुतली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, स्वच्छता तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम से जुड़े प्रश्न पूछे तथा शिक्षण की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। उन्होंने शिक्षकों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों की उपस्थिति में वृद्धि करने तथा शासन के निर्देशों के अनुरूप विद्यालयीन गतिविधियों के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए।

विद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए एसडीएम वर्मा ने आवश्यक सुधारों के लिए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुदृढ़ करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सीएचसी शहपुरा में आज रक्तदान शिविर का आयोजन




**शहपुरा-** जिले में रक्त की लगातार बनी रहने वाली जरूरत को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. रत्नेश त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर सीएचसी शहपुरा के प्रांगण में लगाया जाएगा, जहां आम नागरिक, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के लोग बढ़-चढ़कर रक्तदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और समय पर मिला रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवन रक्षक साबित होता है।डॉ. त्रिवेदी ने बताया कि शिविर के दौरान रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच, सुरक्षित रक्त संग्रहण एवं आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस मानवीय पहल में सहभागी बनें और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें, ताकि जरूरत के समय किसी भी मरीज को रक्त की कमी के कारण परेशानी न हो।

### क्षेत्रीय विधायक को कांग्रेस ने सौंपा मांग पत्र

**अमरपुर।** क्षेत्रीय विधायक ओम प्रकाश धुर्वे विधानसभा क्षेत्र शहपुरा को क्षेत्र भृमण के दौरान जनपद पंचायत अमरपुर के ग्राम कमकोमोहनियां में विद्यालय भवन लोकार्पण के समय तोक सिंह मरावी समस्या निवारण प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष अमरपुर द्वारा अपनी सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय विभिन्न जन समस्या जैसे शहपुरा विधानसभा में डुण्डीसरई, भोडासाज, बिलगढा, देवरी एवं राछो में बांध निर्माण कार्य हुए हैं, परंतु नहर नहीं बनने से सिंचाई की सुविधाएं किसानों को नहीं मिल पा रहे हैं। अतः नहर निर्माण कार्य कराया जाना अतिआवश्यक हैं। एकीकृत शा.उ.मा.वि. कमकोमोहनियां, जे.डी.ई.एस जुनवानी एवं एकीकृत शा.उ.मा.वि. निघौरी विकासखंड अमरपुर में पुस्तकालय हेतु अपने मद से राशि आवंटित की जाए ताकि विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु अच्छी तैयारी कर सकें। मध्य प्रदेश के प्रत्येक उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालय स्थापना हेतु सरकार से निवेदन किया जाए एवं पुस्तकालय शिक्षक की भर्ती किया जाए। प्रत्येक ग्राम में पीने के पानी की व्यवस्था की जाए ताकि सभी आमजनों को स्वच्छ पानी मिल सके। मनरेगा में रोजगार नहीं मिल पा रहा हैं, रोजगार दिलाई जाए ताकि आमजन काम की तलाश में शहरों की ओर पलायन ना करें। हाई स्कूल जलेगांव विकासखंड अमरपुर वर्ष 2013 में खुला था, इस स्कूल को कक्षा 12वीं तक किया जाए एवं भवन निर्माण भी कराया जाए, क्योंकि यह स्कूल भवन विहीन हैं। कन्या हाई स्कूल अमरपुर का हायर सेकेण्डरी में उन्नयन किया जायें, क्योंकि हाई स्कूल खुले लगभग 20 वर्ष बीत चुके हैं। यहां से 10वीं पास करने के बाद छात्राओं को भटकना पड़ता हैं। अमरपुर विकासखंड में कन्या शिक्षा परिसर नहीं हैं, खुलवायी जाये। एकीकृत शा.उ.मा.वि, निघौरी विकासखंड अमरपुर डिंडौरी पी.एम.श्री. स्कूल हैं, वर्तमान का भवन छोटा हैं, पी.एम.श्री. भवन का निर्माण कराया जाये। आमाखोह का केरापानी दर्शनीय स्थल हैं, रोड़ ना होने से श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता हैं, रोड़ निर्माण कार्य कराया जाये। अटरा घुघरा कमकोमोहनियां दर्शनीय स्थल हैं, इस स्थल को विकसित कर आवागमन हेतु रोड़ निर्माण कार्य कराया जाये। आदि मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा गया। इस मौके पर जगत सिंह मरावी पूर्व शिक्षक, राम सिंह पट्टा, संतु सिंह सैयाम, राम सिंह मरावी ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री, महादेव उईके पूर्व सरपंच, सेवा दास सोनवानी, धनी राम मरावी, पंकज मरकाम, सहदेव सिंह उईके, छत्तर सिंह मरावी, अनूप मरावी, सुंदर लाल मरावी सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न, कर्मचारियों की लंबित मांगों पर गंभीर मंथन



**डिंडोरी।**नगर परिषद् डिंडोरी की परामर्शदात्री समिति की बैठक बुधवार, 04 फरवरी 2026 को नगर परिषद् कार्यालय के सभा कक्ष में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कर्मचारी संघों के जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी, नगर परिषद् के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों द्वारा सेवा शर्तों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव एवं अभिमत रखे गए। इस दौरान कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन भुगतान नहीं होने का मामला प्रमुखता से उठाया गया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि वेतन में हो रही देरी के कारण कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका मनोबल एवं कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है।वेतन भुगतान के मुद्दे पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी ने कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नगर परिषद् द्वारा आवश्यक वित्तीय प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण कर एक सप्ताह के भीतर लंबित वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की वैध एवं न्यायोचित मांगों के निराकरण के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।बैठक में कर्मचारियों की क्रमोन्नति, एपीएफ प्रकरणों का निराकरण, गणवेश वितरण, सेवा पुस्तिका अद्यतन, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण सहित अन्य प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संघों द्वारा दिए गए सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने संबंधित शाखाओं को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए तथा सभी लंबित विषयों के निराकरण हेतु एक सप्ताह की समय-सीमा निर्धारित किए जाने का आश्वासन दिया।बैठक के समापन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर परिषद् के कार्यों के सुचारू संचालन के लिए कर्मचारियों एवं कर्मचारी संघों से आपसी समन्वय, अनुशासन एवं सकारात्मक सहयोग बनाए रखने की अपील की। बैठक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।इस अवसर पर कर्मचारी संघों के जिला अध्यक्ष, सचिव, अन्य पदाधिकारीगण सहित नगर परिषद् के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आरसेटी डिंडोरी के जूट प्रशिक्षण बैच का समापन

डिंडोरी।



अमरपुर विकासखंड के ग्राम डुगरिया स्थित आजीविका भवन में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), डिंडोरी द्वारा संचालित जूट उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण बैच का सफलतापूर्वक समापन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना रहा।समापन कार्यक्रम में आरसेटी निदेशक एस.एस. समद, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका अर्पणा सोनकिया पांडेय, जिला प्रबंधक कौशल भगत सिंह आर्मो, आरसेटी फैकल्टी ओम जी मिश्रा, एनआरएलएम ब्लॉक मैनेजर राजेश पांडेय, एबीएम ईश्वर सिंह, सुमन, प्रशिक्षिका सुधा साकेत, प्रेक्षक सतीश सिगौर एवं आरती अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को जूट से निर्मित विभिन्न उपयोगी एवं सजावटी उत्पादों के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों में कौशल विकास के साथ-साथ उद्यमिता के प्रति जागरूकता भी विकसित की गई।



समापन अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका अर्पणा सोनकिया पांडेय ने प्रशिक्षार्थियों को अर्जित कौशल का व्यावहारिक उपयोग कर समूह अथवा व्यक्तिगत स्तर पर उद्यम प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गुणवत्ता, नवाचार एवं बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने पर बल देते हुए आजीविका मिशन एवं आरसेटी द्वारा उपलब्ध सहयोग का लाभ उठाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण सुविधा, व्यवसाय प्रारंभ करने की प्रक्रिया तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना सहित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।अतिथियों ने कहा कि आरसेटी डिंडोरी द्वारा आयोजित ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रशिक्षण एवं शासकीय योजनाओं के समन्वय से ग्रामीण अंचलों में स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है।कार्यक्रम के अंत में सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा आरसेटी डिंडोरी, आजीविका मिशन एवं प्रशिक्षण टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# भाजपा मंडल मानिकपुर में VG GRAM जी राम जी योजना को लेकर बैठक—कार्यशाला संपन्न



**शहपुरा -** भाजपा मानिकपुर मंडल द्वारा आज विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम के अंतर्गत संचालित VG GRAM जी राम जी योजना को लेकर मंडल स्तरीय बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र मरावी के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक का मुख्य उद्देश्य VG GRAM जी राम जी योजना की जानकारी को कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना और इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, स्वरोजगार और आजीविका के अवसरों को मजबूत करना रहा। वक्ताओं ने बताया कि यह योजना गांव आधारित रोजगार गारंटी, कौशल विकास और आजीविका संवर्धन पर केंद्रित है, जिससे ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और कमजोर वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। कार्यशाला में बताया गया कि VG GRAM जी राम जी योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना, स्वयं सहायता समूहों, किसान समूहों और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना,

कौशल प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के अवसर तैयार करना, पलायन रोककर गांव में ही आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करना प्रमुख लक्ष्य हैं। मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र मरावी ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांव मजबूत होंगे। VG GRAM जी राम जी योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर गांव और हर पात्र व्यक्ति तक योजना की जानकारी पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी दिनों में ग्राम स्तर पर चौपाल, बैठकें और जनसंपर्क अभियान चलाकर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कार्यशाला के अंत में संगठनात्मक मजबूती, समन्वय और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र मरावी,जित्तू राय मंडल उपाध्यक्ष, दयालदादा, विश्वनाथ झारिया कार्यालय मंत्री, संतोष साहू जिला उपाध्यक्ष, राजेंद्र तिवारी मंडल महामंत्री, दिलीप झारिया मंडल महामंत्री, संदीप गौलिया मीडिया प्रभारी,विशाखा राय सह मीडिया प्रभारी,रमेश परस्ते,शत्रुघन झारिया, रामकिशोर सोनी, लीलाराम साहू, मनोहर बागवान, प्रमोद बागवान, सहित भाजपा के प्रतिनिधि एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति भवन में सम्मानित कलाकारों ने पाटनगढ़ में गोंड चित्रकला प्रशिक्षण का किया शुभारंभ



**डिंडोरी।** जिले की प्रसिद्ध आदिवासी कला परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में ग्राम पंचायत पाटनगढ़ स्थित कला भवन में 2 फरवरी 2026 को गोंड चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जनपद पंचायत करंजिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षय डिगरसे, भाजपा मंडल अध्यक्ष वर्षा कुशराम एवं इटली से आए अंतरराष्ट्रीय पेंटिंग कलाकार स्टीफेनो रोसेटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में राष्ट्रपति भवन में सम्मानित गोंड कलाकार अमित कुमार परस्ते, मिथलेश श्याम, रोशनी श्याम, जमुना कुशराम, अंकित श्याम एवं दीपा श्याम द्वारा प्रतिभागियों को गोंड चित्रकला का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कलाकार स्टीफेनो रोसेटी ने गोंड चित्रकला को निकट से देखा, समझा और उसकी विशिष्ट शैली एवं सांस्कृतिक गहराई की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने 'हरि बोल' के उद्घोष के साथ उपस्थित कलाकारों एवं ग्रामवासियों का अभिवादन किया।कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षय डिगरसे ने अनुवादक की भूमिका निभाते हुए रोसेटी की अंग्रेजी भाषा को हिंदी में तथा ग्रामवासियों की बातों को अंग्रेजी में अनुवाद कर संवाद को प्रभावी बनाया। श्री डिगरसे ने रोसेटी को गोंड चित्रकला एवं बैगा समुदाय की पारंपरिक गुदना कला की जानकारी दी तथा उन्हें बैगाचक क्षेत्र का भ्रमण कर बैगा संस्कृति को समझने के लिए प्रेरित किया।कार्यशाला के माध्यम से स्थानीय कलाकारों एवं युवाओं को पारंपरिक आदिवासी कला से जोड़ने के साथ-साथ इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

# करंजिया मुख्यालय में संत रविदास जयंती पर भव्य शोभायात्रा, डीजे की धुन पर झूमे श्रद्धालु



**करंजिया ।** करंजिया मुख्यालय में ब्लॉक स्तरीय संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती अहिरवार समाज द्वारा अहिरवार समाज संगठन, ब्लॉक करंजिया, जिला डिंडोरी के बैनर तले श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई।जयंती कार्यक्रम में करंजिया ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों से अहिरवार समाज के माताएं, बहनें, बच्चे, बुजुर्ग, कर्मचारी एवं बुद्धिजीवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों एवं समाजजनों का स्वागत किया गया।इस अवसर पर डीजे की धुन के साथ गुरु रविदास जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु भजन-कीर्तन, आरती एवं नृत्य करते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा में ग्राम के गणमान्य नागरिकों की भी सहभागिता रही, जिससे पूरा करंजिया नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया।शोभायात्रा के पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बुद्धिजीवियों का सम्मान कर उन्हें मंचासीन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ओमकार मरकाम रहे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगदीश बनावल (अध्यक्ष), सम्हर लाल बांधव (उपाध्यक्ष), प्रकाश बांधव (सचिव), लखन बनावल, अशोक बनावल, संजय बांधव (पत्रकार), दुर्गा प्रसाद बांधव, जगन्नाथ बनावल, कौशल बांधव, राजेंद्र बनावल, शीतल बांधव, मदन नागवंशी, घनश्याम नागवंशी, ओमप्रकाश बनाफर, कार्तिक महोबे, ओमप्रकाश बघेल सहित अहिरवार समाज संगठन एवं आयोजन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# स्टांप ड्यूटी अदा कर रजिस्ट्री कराने के बाद भी नामांतरण से वंचित निर्धन कृषक, जनसुनवाई में कलेक्टर से लगाई गुहार



**डिंडोरी।** शहपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम सचौली धनगांव निवासी एक निर्धन आदिवासी कृषक को शासन को निर्धारित स्टांप ड्यूटी अदा कर विधिवत रजिस्ट्री कराने के बावजूद भूमि नामांतरण के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। पीड़ित कृषक ने मंगलवार, 03 फरवरी 2026 को डिंडोरी कलेक्ट्रेट में आयोजित कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई।आवेदन के अनुसार ग्राम सचौली धनगांव, पटवारी हल्का नंबर 28, राजस्व निरीक्षक मंडल रयपुरा, तहसील शहपुरा, जिला डिंडोरी में स्थित खसरा नंबर 189/1, 210/1, 362/1 एवं 284/1 कुल रकबा क्रमशः 1.06, 0.07, 0.22 एवं 0.15 हेक्टेयर भूमि मूल भूमिस्वामी टेकचंद पिता कुंजीलाल झारिया के नाम पर दर्ज थी। उक्त भूमि का विधिवत पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 09 जनवरी 2025 को रजिस्ट्री कार्यालय शहपुरा में स्वयं विक्रेता की उपस्थिति में समनू झारिया एवं रोहणी झारिया के पक्ष में निष्पादित किया गया।रजिस्ट्री उपरांत क्रेताओं द्वारा नामांतरण हेतु न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त रयपुरा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे अस्वीकृत कर दिया गया। इसके पश्चात प्रकरण की अपील एसडीएम शहपुरा के समक्ष की गई, किंतु वहां से भी राहत नहीं मिली। परिणामस्वरूप शासन को भारी स्टांप ड्यूटी अदा करने के बावजूद क्रेता आज तक अपनी खरीदी हुई भूमि में नाम दर्ज नहीं करा पाया है।

पीड़ित कृषक ने जनसुनवाई में कलेक्टर को अवगत कराया कि शासन के स्पष्ट नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण किया जाना राजस्व न्यायालयों का दायित्व है तथा यह क्रेता का वैधानिक अधिकार है। इसके बावजूद संबंधित राजस्व अधिकारियों द्वारा नियमों की अनदेखी कर क्रेता को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है।कलेक्टर से आग्रह किया गया कि पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर तत्काल नामांतरण कराए जाने के निर्देश दिए जाएं। वहीं यह भी सवाल उठाया गया कि जब शासन रजिस्ट्री के समय स्टांप ड्यूटी वसूलता है, तो उसके बाद नामांतरण के लिए आमजन को भटकना क्यों पड़ता है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा हाल ही में रजिस्ट्री के पश्चात सीधे नामांतरण के निर्देश जारी किए गए हैं, किंतु आदिवासी अंचलों में इनका लाभ आम नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है।पीड़ितों का कहना है कि यदि शासन की मंशा के अनुरूप नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं किया गया तो आमजन, विशेषकर आदिवासी एवं निर्धन कृषक, इसी तरह परेशान होते रहेंगे। शासन की यह जिम्मेदारी बनती है कि स्टांप ड्यूटी लेने के साथ-साथ क्रेताओं के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराना भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## खबर संक्षेप

### 10 घनमीटर अवैध सागौन की लकड़ी जब्त, दुकान सील



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस वन परिक्षेत्र करेली के बरमान चौराहा स्थित दीपक यादव की फर्नीचर मार्ट से वन विभाग द्वारा 10 घन मीटर अवैध सागौन के लट्ठे, चिरान, सिल्ली व अन्य सामग्री जब्त की गई। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 10 घन मीटर अवैध सागौन के साथ एक वाहन जब्त किया गया। वन विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए फर्नीचर मार्ट की दुकान, आरा मशीन सहित अन्य सामग्री को सील किया गया। आरोपी द्वारा दुकान के तल घरे मे लकड़ी को छुपाकर रखा गया था आरोपी से पूछताछ की जा रही है वही अन्य 4 लोगों से पूछताछ की जा रही है। वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी लाने के स्त्रोतों का पता लगाया जा रहा है। सूत्रों की माने तो उक्त अवैध कटाई व भंडाराण वन विभाग के जिम्मेदार कर्मियों की मिलीभगत भी हो सकती है। फिलहाल विभाग द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है जांच के उपरांत की कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

### अवैध रेत परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर की ट्राली जब्त

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम को खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर के द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में खनिज, राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण की रोकथाम के लिए मंगलवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक ट्रेक्टर की ट्राली खनिज रेत तथा एक ट्रेक्टर ट्राली खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाये गए। अवैध परिवहन करते पाए जाने पर उक्त ट्रेक्टर- ट्राली के विरूद्ध प्रकरण तैयार कर वाहनों को थाना सुआतला एवं थाना तेंदूखेड़ा की अभिरक्षा में रखा गया।

### पेंशन शिविर का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। संभागीय आयुक्त जबलपुर संभाग के निर्देशानुसार जिले में 31 दिसंबर 2025 की स्थिति तक के शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्त मृत स्वैच्छिक सेवा निवृत्त के लंबित पेंशन प्रकरण के निराकरण के लिए 5 से 7 फरवरी 2026 तक पेंशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला पेंशन अधिकारी नरसिंहपुर ने कहा कि समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी अपने कार्यालय में लंबित समस्त पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए पेंशन शिविर में अनिवार्य रूप से जमा कराएं। उक्त शिविर अवधि में पेंशन प्रकरण के लिए संबंधित स्थापना लिपिक को उपस्थित होकर निराकरण कराए जाने के लिए निर्देशित करें। उक्त अवधि में लंबित प्रकरण जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित कार्यालय प्रमुख के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

### एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर कल से

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राज्य शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 13 फरवरी 2026 तक पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आमजन एवं पशुपालकों की सुरक्षा तथा पशु स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार 6 फरवरी को जिला पशु पॉलीक्लीनिक नरसिंहपुर के प्रांगण में एक विशाल निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण एवं पशु जागरूकता शिविर का आयोजन प्रात 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक किया जाएगा। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। शिविर के दौरान न केवल पालतू श्वानों के साथ- साथ लावारिस श्वानों का प्राथमिकता से टीकाकरण किया जाएगा, ताकि जिले को रेबीज मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। साथ ही पशुपालकों को पशु कल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी जाएंगी। इस शिविर का संचालन पॉलीक्लीनिक की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया जाएगा। टीकाकरण एवं परामर्श डॉ. नितिन किरार एव्हीएफओ, बीएल प्रधान, छाया मुड़िया, आरती मुड़िया एवं अन्य सहायक स्टाफ की देखरेख में संपन्न होगा। पशुपालन विभाग ने जिले के समस्त नागरिकों और पशुपालकों से अपील की है कि वे इस शिविर का लाभ उठाएं और निर्धारित समय पर अपने श्वानों का टीकाकरण कराकर उन्हें सुरक्षित करें।

## प्रचार प्रसार का माध्यम बन रहे बिजली के खंबे

# आउट डोर विज्ञापन अधिनियम की उड़ रही धज्जियां

**नपा कार्रवाई कर वूसले राजस्व**

सरकार द्वारा विद्युत आपूर्ति के लिए खंबे लगाए गए है जिनका उपयोग अब विद्युत आपूर्ति के साथ साथ प्रचार - प्रसार मे भी किया जाने लगा है जो नियमों के पूरी तरह विपरीत है। नगर पालिका प्रशासन मूक दर्शक बनकर उक्त कारनामों को शांति धारण कर देख रहा है।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।








जबकि नगर पालिका प्रशासन को चाहिए की खंबो पर फ्लेक्स लगाने वालों तथा फर्म पर ठोस कार्रवाई करते हुए उनसे जुर्माना भी वसूला जा सकता है। लेकिन नपा की उदासीनता के कारण जिला मुख्यालय मे अवैध बैनर पोस्टरों की भरमार है। शासकीय संपत्तियों पर बैनर पोस्टर लगाना चिपकाना मध्यप्रदेश आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियम 2017 वर्जित है। नगर पालिका तथा जिला प्रशासन की अनदेखी के कारण सरकार के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है और प्रशासन मूकदशक बना हुआ है।

### बिजली के खंबो पर लगे पोस्टर

जिला मुख्यालय मे बिजली के खंबो सहित अनेकों स्थानों पर बेनर पोस्टर लगाकर खुले आम प्रचार प्रसार किया जा रहा है और प्रशासन कुंभकर्णी नीद में सोया हुआ है। नगर पालिका व विद्युत विभाग भी कार्रवाई के लिए सक्षम है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उक्त समस्या पर ध्यान देना ही नही चाहते। पूरे प्रदेश में मध्यप्रदेश आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियम 2017 प्रभावशाली है वावजूद इसके नरसिंहपुर नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत नगर के प्रमुख चैराहों और सड़कों किनारे बिजली के खम्बों में अवैध रूप से विज्ञापन के बैनर पोस्टर काफी समय से लगातार लगाये जाते रहते हैं यदा कदा दिखावे के लिए कुछ एक कार्यवाही भी की जाती रही हैं। अवैध बैनर पोस्टरों की सूची में सबसे महत्वपूर्ण और दिलचस्प बात यह है कि शहर और जिले में अपने आपको बड़े व्यवसायिक और प्रतिष्ठित संस्थान बताने वाली फर्मो के अपने अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के भी अवैध विज्ञापन पिछले काफी समय से सड़कों किनारे और प्रमुख चैराहों पर लगाये जा रहे हैं, नगर की प्रमुख मॉडल रोड पर लगे बिजली के खम्बों पर भी अवैध तरीके से विज्ञापन बोर्डो को लाइनवार लगाया जा रहा जबकि इसकी जिम्मेदारी बिधुत विभाग की है किंतु वह भी इन सबसे अंजान बना हुआ है।

### राजस्व की वूसली करे प्रशासन

नगर में जिस तरह से यह अवैध विज्ञापनों के बोर्ड बैनर लगे हैं इन पर प्रतिदिन के हिसाब से शस्ति अधिरोपित कर वसूलने का प्रावधान है वावजूद इसके वसूली तो दूर की बात इन्हें सड़क किनारे लगे होने के बाद भी नोटिस तक जारी करने में अनदेखी की जाती है। शासकीय स्कूलों, पार्कों व कार्यालय के आसपास लगे खबों और स्थानों पर दो खम्बे गाड़कर बोर्ड बैनर टांग दिये हैं। देखा जाये तो स्वच्छता की रैंकिंग में 314 अंक लाने वाली नगरपालिका नरसिंहपुर ने पूर्व में शहर में लगी व्यवस्थित होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर को शहर के सौन्दर्यकरण के नाम पर 2009 व 2019 में जेसीबी से तुड़वा कर अलग कर दिया गया था। नगर मे लगे बेनर पोस्टर यातायात को भी बाधित कर रहे है। प्रशासन ठोस कार्रवाई कर उन्हे हटाये तथा राजस्व की वसूली करे।

### नगर पालिका नहीं दे रही ध्यान

नगर में लगे अवैध बैनर पोस्टरों पर नगर पालिका द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। जबकि नगर पालिका का दायित्व बनता है कि नगर मे अवैध बैनर पोस्टर हटाने की कार्रवाई की जाए। नगर मे अनेकों स्थानों पर शासकीय संपत्तियों पर विज्ञापनों का प्रचार प्रसार किया गया है। लेकिन नगर पालिका द्वारा उक्त ओर ध्यान नहीं दे रही है जो चिंता का विषय है। लोगों द्वारा अपनी मर्जी के अनुसार विज्ञापनों का प्रचार प्रसार करने के लिए बेनर पोस्टर तथा लेखन कार्य किया गया है। शहर पूरे अवैध बैनर पोस्टरों से पटा पड़ा है जिस ओर ना तो जनप्रतिनिधियों और न ही प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान है यह भी बड़ा सवाल है। नगर पालिका द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जाती है तो बैनर पोस्टरों के मालिकों से शास्ति अधिरोपित कर वसूली कर सकती है।

# रासेयो शिविर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के निर्देशन में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में समीपस्थ ग्राम तिंदनी (धुबघट गौड़ी) में सात दिवसीय वार्षिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के छठवे दिवस प्रथम चरण में प्रभात फेरी, ध्वजवंदन के साथ योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम का द्वितीय सत्र का शुभारंभ श्रीमती अनीता रघुवंशी विभागाध्यक्ष सांइस एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर, रोटे. श्रीमती गीता वेदी, रोटे. श्रीमती तनु पालीवाल, रोटे. श्रीमती साधना राय, रोटे. श्रीमती सुनीता राजपूत, रोटे. श्रीमती शिखा पटेल, श्रीमती मंजूलता लोधी के आतिथ्य में किया गया। रोटे. श्रीमती गीता वेदी ने नारी सशक्तिकरण पर बल देते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका तथा समाज के उत्थान को निरूपित किया गया। रोटे. श्रीमती तनु पालीवाल ने महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा, उत्पीड़न पर अपने विचार व्यक्त किए। रोटे. श्रीमती साधना राय ने महिलाओं के समाज में योगदान एवं रोजगार कौशल में भूमिका पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों द्वारा नारी सशक्तिकरण विषय पर अपने सारगर्भित विचार रखे गये। कार्यक्रम के दौरान महिमा लोधी द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। शिविरार्थी रिंकी गौड़, शिवानी सेन, मायामनी लोधी, हर्षित कौरव, सुमित यादव, अभिषेक ठाकुर, विशाल तिवारी, विशाल पटेल द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इसके पूर्व शिविरार्थी छात्र-छात्राओं द्वारा रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंती बाई लोधी की झांकी निकालते हुए जयघोष के नारे लगाए, झाँकी का शुभारंभ रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। रासेयो स्वयंसेवक वेदांत दुबे द्वारा सरस्वती वंदना एवं लोकगीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आराधना दुबे एवं आभार पुरूष इकाई कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र प्रकाश गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती कमला राय, श्रीमती मालती कौरव, श्रीमती भारती कौरव, श्रीमती नमिता कौरव, निकिता लोधी, श्रृद्धा लोधी, रजनी लोधी, राधा लोधी, कुसुम लोधी, कृष्णा लोधी, त्रिवेणी बाई, गनेशी बाई पटेल उत्कृष्ट विद्यालय से पुरुष कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार लोधी, महिला कार्यक्रम अधिकारी गुलशान उस्मानी, महाविद्यालय से सहा. प्राध्यापक श्रीमती आकांक्षा नामदेव, एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, राजेश कौरव, शिविर के स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों की उपस्थिती रहीं। शिविर के सातवें दिवस शिविरार्थियों को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं पुरस्कार वितरण के साथ शिविर का समापन किया जायेगा।




## उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी हुये सम्मानित

तेंदूखेड़ा

विगत दिवस हर वर्ष की भांति मकर संक्रांति के अवसर पर जिले के ऐतिहासिक ब्रह्मांड घाट पर लगने वाले विशाल बरमान मेले का औपचारिक समापन किया गया। जिसमें बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता ठाकुर जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश सहित उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया ।जिसमें लेखापाल कृष्ण कुमार मिश्रा एपीओ अजय द्विवेदी अंजू यादव सचिव रामेश्वर शर्मा भैरव तिवारी शेख शरीफ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## आदिवासी गांव में एन एस एस छात्राओं द्वारा जगाई जा रही अलख




तेंदूखेड़ा

इन दिनों नरसिंहपुर जिले की सीमाओं से लगे आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत मर्रावन के अंतर्गत संत मोनी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का खकरैड़ी में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छात्राओं द्वारा जन जागरण रैली और नुक्कड़ नाटिकाओं के माध्यम से बाल विवाह रोकने उससे होने वाली हानियों पर प्रकाश डालते हुए ग्राम वासियों को जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के महत्व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ साथ गांव को साफ सुथरा रखने स्वच्छता अभियान के तहत नारों से प्रेरित किया जा रहा है। शिविर के दौरान निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डॉ प्रकाश जैन शिशु रोग विशेषज्ञ के द्वारा निशुल्क निशुल्क दवाईयां वितरित की जायेगी।



## सात दिवसीय रासेयो शिविर का भव्य समापन, उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए पुरस्कृत हुए स्वयंसेवक

**गोटेगांव**। शासकीय सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरवारी की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम रोहिया में गरिमामयी समापन हुआ। 27 जनवरी से 2 फरवरी तक चले इस शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य एस.के. चौधरी और अन्नीलाल ठाकुर द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि विद्यालय बरहटा के प्राचार्य एस.के. बक्शी और लक्ष्मण सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे।समापन अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती ज्ञानवती मेहरा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा किए गए रचनात्मक कार्यों की सराहना की। अतिथियों ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति निरंतर समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र विश्वकर्मा ने सात दिनों तक चली विभिन्न गतिविधियों और ग्रामीण उत्थान के कार्यों की विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस सात दिवसीय शिविर को सफल बनाने में दलनायक लक्ष्य सेन, उपदलनायक उमेश चौधरी सहित सभी स्वयंसेवकों की सक्रिय और सराहनीय भूमिका रही। इस दौरान ग्रामीणों ने भी छात्र-छात्राओं के सेवा भाव की प्रशंसा की।

## कैंसर पीड़िता को मिली मदद और दिव्यांग को मिली व्हीलचेयर



**गोटेगांव**। नरसिंहपुर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए आवेदकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। जनसुनवाई के दौरान गोटेगांव के श्रीधाम नयाबाजार निवासी श्रीमती संतोष बाई तिवारी ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि वे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। परिवार में पिता को लकवा है और माता मजदूरी कर घर चलाती हैं, ऐसे में मुंबई जाकर इलाज कराना उनके लिए आर्थिक रूप से कठिन हो रहा है। कलेक्टर ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए आवेदिका को उपचार हेतु आने-जाने के खर्च के लिए 10 हजार रुपये का चेक प्रदान किया।इसी क्रम में ग्राम निवारी निवासी दिव्यांग हरिओम पाराशर की समस्या को देखते हुए उन्हें मौके पर ही व्हीलचेयर प्रदान की गई, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई। जनसुनवाई में एक अन्य आवेदक विष्णु प्रसाद का आधार कार्ड अपडेट न होने की समस्या का भी तुरंत समाधान कराया गया। जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस जनसुनवाई में कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि शेष आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## नियमों को ठेंगा दिखाते भारी वाहन, बाईपास के बावजूद गोटेगांव की सड़कों पर लगा जाम का ग्रहण

गोटेगांव।



नगर की यातायात व्यवस्था वर्तमान में पूरी तरह चरमरा गई है। बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने के लिए शासन द्वारा करोड़ों की लागत से बाईपास का निर्माण कराया गया था, ताकि भारी वाहनों को शहर के बाहर से निकाला जा सके। लेकिन प्रशासन की लचर नीति और ढुलमुल रवैये के कारण यह बाईपास सफेद हाथी साबित हो रहा है। भारी वाहन आज भी बेखौफ होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजर रहे हैं, जिससे न केवल आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है, बल्कि गंभीर दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। स्थिति यह है कि भारी वाहनों के चालक यातायात नियमों को ठेंगा दिखाकर स्वच्छंद रूप से नगर के बीच से निकल रहे हैं।वर्तमान में नगर के मुख्य बाजार, ठाकुर बाबा मंदिर के समीप, भगतराम चौराहा और हाई स्कूल रोड जैसे व्यस्ततम क्षेत्रों में हर समय जाम के हालात बने रहते हैं। नागरिकों का कहना है कि जब बाईपास की सुविधा उपलब्ध है, तो भारी वाहनों का नगर में प्रवेश वर्जित क्यों नहीं किया जा रहा? प्रशासन की इस अनदेखी के कारण पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों का निकलना भी दूभर हो गया है। स्थानीय जनता ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि नगर में भारी वाहनों की 'नो एंट्री' कड़ाई से लागू की जाए और बाईपास का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि यातायात व्यवस्था सुलभ हो सके।